
अध्याय –पांच

# कुरती/टॉप और स्कर्ट का निर्माण

## 5.1 टॉप/ कुरती संयोजन

चित्र 5.1.1 में दिखाए अनुसार बाजू कोने के लिए समांतर ग्रेन रेखा के साथ वस्त्र पर पैटर्न रखें। चित्र (5. 1.1क) में दिखाए अनुसार टांका दूरी जोड़े। कंधे, गला रेखा और बांह छेद पर 1/2 इंच टांका दूरी अंकित करें और टांके पर 1 इंच।



चित्र 5.1.1



चित्र 5.1.1 क

चित्र 5.1.1 ख में दिखाए अनुसार काटें




चित्र 5.1.1 ख

चरण 1: डार्ट को प्रारंभ से लेकर डार्ट लात के कोने तक सिलें। डार्ट लात पर टांके को मजबूत करने के लिए बैंक सिलाई करें और इसी प्रकार सारे डार्ट को सिलें।

(डार्ट अर्थात् समाप्ति बिंदु के अंत में बैक सिलाई न करें)

डार्ट के समाप्ति बिंदु पर 1 इंच अतिरिक्त धागा छोड़े और दर्जी गांठ लगाएं या घुमाएं ताकि साफ काम हो जैसा कि चित्र 5.1.2 ख में दर्शाया गया है।



चित्र 5.1.2




चित्र 5.1.2 क



चित्र 5.1.2 ख

चरण दोः सभी डार्टों को बंद करने के बाद, आसानी के लिए पिछले कंधे पर हल्की चुनट बनाएं।

अगले कंधे की दाईं ओर को पिछले कंधे की दाईं ओर पर रखें और सिलें, पिछले कंधे की अतिरिक्त लंबाई को धीरे से छोड़े जैसा कि चित्र 5.1.3 और 5.1.3 क में दिखाया गया है।



चित्र 5.1.3



चित्र 5.1.3 क

डार्ट को मापते हुए (चित्र 5.1.3 ख के अनुसार) अतिरिक्त डार्ट को टांका रेखा में समायोजित करें। सही कार्य के लिए डार्ट प्राप्ति को विपरित दिशा में रखें और फिर टांके में सिलाई करें।



चित्र 5.1.3 ख




चित्र 5.1.4

चरण 3: चित्र 5.1.4 के अनुसार परिधान की एक ओर पर टांके को बंद करें।

चरण 4: टांका रेखा में जिपर दांत लगाकर **अन्य** टांका ओर पर अदृश्य जिपर जोड़ें। चित्र 5.1.5 के अनुसार जिपर के पैर में जिपर दांत प्रवेश करें।

अब चित्र 5.1.5 क के अनुसार जिपर दांत के निकट गहरे में सिलाई करें।



चित्र 5.1.5



चित्र 5.1.5 क

जिपर के स्लाइडर को खींचे और स्लाइडर को सिलें और बैक सिलाई करें।

अब इसी कदम को जिपर दांत की दूसरी ओर के लिए दोहराएं और इसे चित्र 5.1.5 ग में दिखाए गए अनुसार जिपर पैर के अन्य भाग में प्रवेश करें।



चित्र 5.1.5 ख



चित्र 5.1.5 ग

चित्र 5.1.5 घ के अनुसार जिपर दांत के निकट सिलाई होनी चाहिए।

इसके बाद वस्त्र की अतिरिक्त दूरी को 1/4 इंच पर दो बार मोड़कर अनिर्मित कोने को तैयार करें ओर कोने पर टांका लगाएं।



चित्र 5.1.5 घ




चित्र 5.1.5 ड.

चरण 5: कंधा टांका और साइड टांके के अनिर्मित कोने को चित्र 5.1.16 और चित्र 5.1.6 क में दिखाए अनुसार ओवरलॉक सिलाई द्वारा इसे तैयार करें।



चित्र 5.1.6



चित्र 5.1.6 क

चरण 6: तिरछी पट्टी के साथ गला रेखा को तैयार करें। चित्र 5.1.7 अनुसार तिरछी पट्टी काटें।



चित्र 5.1.7

चित्र 5.1.7 क के अनुसार गला रेखा की दाईं ओर पर तिरछी पट्टी रखें चित्र 5.1.7 ख अनुसार 1/4 इंच की दूरी पर सिलाई करें।



चित्र 5.1.7 क



चित्र 5.1.7 ख

पट्टी को उलटी ओर मोड़ें और चित्र 5.1.7 ग में दर्शाए अनुसार कोना सिलाना।


पट्टी के अनिर्मित कोने को 1/4 इंच की दूरी पर मोड़ें और एक बार फिर परिधान की उलटी ओर पट्टी को गला रेखा के साथ मोड़ें और क्रमशः चित्र 5.1.7 घ, चित्र 5.1.7 ङ. चित्र 5.1.7 के अनुसार कोने पर सिलाई करें।



चित्र 5.1.7 ग



चित्र 5.1.7 घ



चित्र 5.1.7 ड.



चित्र 5.1.7 च

चरण 7: 1/2 इंच की दूरी पर अनिर्मित कोने को मोड़ कर किनारा रेखा तैयार करें और चरण दोहरा कर इसे फिर 1/2 इंच मोड़े। चित्र 5.1.8 में दर्शाए गए अनुसार कोना टांका दें।



चित्र 5.1.8



चित्र 5.1.9 (अगला)



चित्र 5.1.9 क (पिछला)

यह पूर्ण टॉप/ कुरती है।

5.2 स्कर्ट का निर्माण

मोड़ या शीशे पर पैटर्न ट्रेस करें, मार्कर के अनुसार मध्य–अगले भाग पर पैटर्न बनाएं और चित्र 5.2.1 और चित्र 5.2.1 क में दर्शाए अनुसार अगले और पिछले टुकड़े काटें।



चित्र 5.2.1



चत्र 5.2.1 क

चरण 1: चित्र 5.2.2 के अनुसार सभी डार्टों को सिलें (कृपया पिछले अध्याय में दर्शाए गए अनुसार डार्ट तैयार करें) ।



चित्र 5.2.2

चरण 2: चित्र 5.2.3 के अनुसार साइड टांके को सिलें । खुली जगह के लिए बाईं ओर टांके पर कमर से 6 इंच से 7 इंच छोड़े और शेष टांके की सिलाई करें।



चित्र 5.2.3

चरण 3ः साइड टांके में जिपर जोड़ें जैसा कि पिछले अध्याय के चित्र 5.2.4 में कुरती/ टॉप हेतु किया गया था।



चित्र 5.2.4

चरण 4ः चित्र 5.2.5 में दर्शाए गए अनुसार ओवर लॉकिंग द्वारा साइड टांके को तैयार करें।



चित्र 5.2.5

5.2.1 स्कर्ट कमर बैंड का निर्माण

चरण 5: चित्र 5.2.6 के अनुसार कमर में कमर बैंड जोड़ें। स्कर्ट की दाईं ओर (टॉप पर) को कमर बैंड (नीचे) की दाईं ओर रखें। सिलाई रेखा पर सिलें। फिर जिपर के खुले भाग को तैयार करने के लिए कमर बैंड की चौड़ाई को पीछे मोड़ें । खुले भाग पर कमर बैंड विस्तार हेतु वस्त्र पर सिलाई करें और फिर कमर बैंड चौड़ाई को वापस घुमाएं ताकि कमर बैंड तैयार हो सके। कमर बैंड के कोने पर सिलाई करें।

अपने विकल्प के अनुसार कमरबैंड तैयार करें या आप चित्र 5.2.6 क में दिए गए अनुसार दोहरी या एकल सिलाई दे सकते हैं।



चित्र 5.2.6



चित्र 5.2.6 क

चरण 6 : 1 इंच पर दो बार मोड़कर किनारा रेखा तैयार करें, चित्र 5.2.7 के अनुसार कोना टांक दें।



चित्र 5.2.7



चित्र 5.2.8 (अगला)



चित्र 5.2.8 क (पिछला)

यह स्कर्ट तैयार है।

## कार्यकलाप

अनेक प्रकार की स्कर्टों के चित्र इकट्ठे करें और सिलाई के दौरान डिजाइन ब्यौरों की पहचान करें।

खाली स्थानों को भरें।

1. डार्ट को सही ढ़ंग से तैयार करने के लिए डार्ट को विपरित दिशा में रखें और फिर टांका लगाएं।
2. दाईं ओर को करमबंध की दाईं ओर पर रखकर कमर से जोड़ें।
3. टॉप की गला रेखा तिरछी पट्टी के रूप में पाइपिंग टॉप के साथ हो सकती है।
4. जिपर को जिपर के दांत के साथ टांका रेखा से निकटतम संभव कर जोड़ा जा सकता है।
5. डार्ट के समाप्ति बिंदु पर अतिरिक्त धागा छोड़े और दर्जी गांठ लगाएं।